# प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के गठन की कवायद शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शासन ने प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के गठन की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए प्रमुख सचिव आवास गुरु प्रसाद ने शासनादेश जारी कर दिया है। इसमें मंडलायुक्त प्रयागराज को एक सप्ताह में विकास क्षेत्र के गठन का विस्तृत प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रस्तावित विकास क्षेत्र में प्रयागराज, चित्रकूट, फतेहपुर, बांदा, कौशांबी और हमीरपुर जिले शामिल हैं।

बता दें, महाकुंभ में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने दो नए विकास क्षेत्र काशी-विंध्य और प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र बनाने का फैसला किया था। अब प्रमुख सचिव आवास ने इसके लिए मंडलायुक्त प्रयागराज को नोडल अधिकारी नामित किया है। मंडलायुक्त प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी हैं।

दरअसल, इन दोनों विकास क्षेत्रों के जरिये सरकार ने एक नया धार्मिक सर्किट बनाकर पर्यटन के साथ निवेशकों को आकर्षित करने की योजना बनाई है। ताकि क्षेत्रीय विकास के साथ यहां के युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार या नौकरी की व्यवस्था की जा सके। इस संबंध में प्रयागराज के मंडलायुक्त को प्रस्ताव में सभी शामिल होने जिलों की आबादी और क्षेत्रफल के साथ विकास क्षेत्र में दी जाने वाली सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करने को कहा गया है।



## शासन ने मंडलायुक्त से एक सप्ताह में मांगा प्रस्ताव

## दोनों मंडलों के कुल छह जिले होंगे शामिल